जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

4 मार्च, 2025

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के एमएससी बैंकिंग एवं और वित्तीय विश्लेषण के छात्रों को शीर्ष कंपनियों में 100% इंटर्नशिप मिली

जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अर्थशास्त्र विभाग में एमएससी बैंकिंग और वित्तीय विश्लेषण कार्यक्रम ने इस वर्ष अपने 5वें बैच के लिए 100 प्रतिशत इंटर्नशिप प्लेसमेंट सफलतापूर्वक प्राप्त किया है। एमएससी बैंकिंग और वित्तीय विश्लेषण के चौथे सेमेस्टर (2003-2025 बैच) के सभी छात्रों ने विप्रो, जोडो एनालिटिक्स, फिनकार्ट, xi टेक, फिनलैटिक्स, फिनैग, कॉफॉर्ग स्मार्ट सर्व लिमिटेड, नो डेटा और राष्ट्रीयकृत बैंक, इंडियन बैंक लिमिटेड सहित प्रतिष्ठित कॉर्पोरेट संगठनों में इंटर्नशिप प्राप्त की है।

एमएससी बैंकिंग और वित्तीय विश्लेषण 2019 से जामिया मिल्लिया इस्लामिया के अर्थशास्त्र विभाग द्वारा पेश किया जाने वाला दो वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम है। पाठ्यक्रम को एनालिटिक्स उद्योग की उभरती मांगों को पूरा करने के लिए सावधानीपूर्वक तैयार किया गया है। पाठ्यक्रम एनालिटिक्स उद्योग के लिए छात्रों के 360-डिग्री कौशल पर केंद्रित है। अनुप्रयुक्त फाइनेंस और उन्नत सांख्यिकी सीखने के अतिरिक्त छात्रों को डेटा प्रबंधन, विज़ुअलाइज़ेशन और मात्रात्मक मॉडलिंग के लिए आर, पायथन, स्टैटा, एस क्यू एल , पावर बी आई जैसे सॉफ़्टवेयर का उपयोग करने का प्रशिक्षण दिया जाता है। छात्रों को मशीन लर्निंग और कृत्रिम बुद्धिमत्ता जैसे आधुनिक डेटा साइंस टूल्स का भी प्रशिक्षण दिया जाता है। परिणामस्वरूप यह बहुत ही कम समय में नियोक्ताओं और छात्रों के लिए सबसे अधिक मांग वाले पाठ्यक्रमों में से एक बन गया है।

उद्योग के बारे में जानकारी प्रदान करने के उद्देश्य से पाठ्यक्रम का पूरा चौथा सेमेस्टर उद्योग इंटर्नशिप/कैपस्टोन परियोजनाओं के लिए समर्पित है जिससे पाठ्यक्रम प्रतिभागी कक्षा में अर्जित अपने कौशल को बेहतर बना सकें और खुद को उद्योग के लिए तैयार कर सकें। जामिया के अर्थशास्त्र विभाग के अध्यक्ष प्रो. अशेरेफ इलियान ने कहा कि पाठ्यक्रम के दौरान कठोर प्रशिक्षण, उद्योग से जुड़ा पाठ्यक्रम और एनालिटिक्स और कोडिंग का मिश्रण छात्रों को प्रतिष्ठित कंपनियों में लगभग 100 प्रतिशत इंटर्नशिप और प्लेसमेंट हासिल करने में सहायता करने में काफी सहायक सिद्ध हुआ है। एमएससी बीएफए पाठ्यक्रम के समन्वयक डॉ. वसीम अकरम ने बताया कि प्लेसमेंट को बढ़ावा देने के लिए कंपनियों के अनुभवी अधिकारियों द्वारा कॉर्पोरेट व्याख्यान श्रृंखला, छात्रों द्वारा उद्योग का दौरा, अन्य प्रयासों के अरिरिक्त इस शैक्षणिक वर्ष के दौरान शुरू किए गए थे।

प्रो. इलियान ने जामिया के कुलपति प्रो. मजहर आसिफ और कुलसचिव प्रो. मोहम्मद महताब आलम रिजवी के प्रति आभार व्यक्त किया जिन्होंने पाठ्यक्रम और विभाग को निरंतर समर्थन और प्रोत्साहन दिया जिससे यह उपलब्धि संभव हो सकी। उन्होंने विभाग के सभी संकाय सदस्यों को उनके प्रयासों के लिए आभार व्यक्त किया ।

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया